हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 7 मई 2025

तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 तेन्दूपत्ता बना ग्रामीण रोजगार का आधार, आय में हो...



14 जिला सहकारी बैंक खड़मा में हुआ स्थानांतरण समारोह





समाधान शिविर : ग्राम अमलीपदर में नागरिकों की समस्याओं का पारदर्शितापूर्वक किया गया निराकरण

# अमलीपदर-शोभा स्वास्थ्य केंद्र में एक सप्ताह में लगेगा जनरेटर : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ मैनपुर

सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत मंगलवार को जिले के मैनपुर विकासखंड के ग्राम अमलीपदर में समाधान शिविर आयोजन किया गया। ग्राम अमलीपदर के क्लस्टर में ग्राम पंचायत घुमरापदर, चिखली, खरीपथरा, दाबरीगुड़ा, बिरीघाट, मुड़गेलमाल, कुहीमाल, मुड़ागांव, कोदोभाठा, भैंसमुड़ी, सरनाबहाल, धनोरा, नवापारा, गुरजीभाठा 'अ' एवं डेण्डुपदर कुल 16 ग्राम पंचायत शामिल है। सुशासन तिहार के अंतर्गत प्रथम चरण में प्राप्त विभिन्न विभागीय मांगों एवं शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निराकरण के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर बीएस उइके के निर्देशानुसार मैनपुर विकासखंड के अमलीपदर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों ने अपने - अपने विभाग में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में ग्रामीणों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शिविर में कलेक्टर ने ग्रामीणों को जल शपथ एवं वृक्षारोपण के लिए प्रतिज्ञा दिलाई गई। समाधान शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्र अमलीपदर एवं शोभा में एक सप्ताह के भीतर जनरेटर की व्यवस्था करने के लिए आस्वस्त किया। समाधान शिविर में कलेक्टर श्री उइके ने ग्रामीणों को पानी बचाने एवं उसका समुचित उपयोग करने पर जोर देते हुए कहा कि आने वाली पीढ़यों के लिए जल को बचाकर रखे। इसी प्रकार जिला पंचायत ▶▶|शेष पेज 13 पर

- शिविर में निराकरण के संबंध में वाचन कर ग्रामीणों को कराया गया अवगत







### 3 हजार 990 आवेदनों का मौके पर किया निराकरण

समाधान शिविर के द्वितीय दिवस में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, महिला एवं बाल विकास, राजस्व सहित अन्य विभागों को प्राप्त कुल 3 हजार 990 आवेदनों में से सभी आवेदनों का जांच कर शिविर स्थल पर शत प्रतिशत निराकरण किया गया। समाधान शिविर में खाद्य विभाग द्वारा 9 हितग्राहियों को नवीन राशनकार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को श्रवण यंत्र एवं एक हितग्राही को व्हीलचेयर, श्रम विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को श्रमकार्ड, मछली पालन विभाग द्वारा एक हितग्राही को मत्स्य जाल एवं एक हितग्राही को आइस बॉक्स तथा कृषि विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को एग्रीस्टेक में पंजीकृत कृषकों को प्रमाण पत्र एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 4 हितग्राही को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया।

## खबर संक्षेप

### पंचायत मुड़ागांव में समाधान शिविर 8 को

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पंचायत मुड़ागांव में 8 मई को शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में सुशासन तिहार-2025 समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें ग्राम पंचायत मुड़ागांव, सोरिदखुर्द, अमेठी, गोंदलाबाहरा, अकलवारा, साजापाली, कसेकेरा, पाटसिवनी, अमलोर, जामली, परसदाखुर्द, पिपरहट्ठा, बोड़राबांधा ब, नवापारा भ, रानीपरतेवा शामिल होंगे।

### एक्सीडेंट में एक घायल

**महासमुंद।** कार की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस को प्रार्थी लखन निवासी वार्ड 1 ने बताया कि 2 मई को वह बिहारी किराना दुकान से सामान खरीदकर घर जा रहा था, उसी समय करीबन 12 बजे स्विफ्ट कार क्र सीजी 06 3842 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर पीछे से उसे ठोकर मार दिया। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### गर्भवती से मारपीट

**महासमुंद।** गर्भवती महिला से मारपीट करने के मामले में बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थिया पूजा चौहान निवासी वार्ड नं 14 पोटरपारा बागबाहरा ने बताया कि 5 मई की 8.30 बजे घर में थी, उसी समय मोहल्ले का सूरज उर्फ सन्नी मानिकपुरी ने घर के दरवाजा के पास आकर पानी मांगा, पानी पीने के बाद वह उसके साथ गाली गलौज करने लगा तथा दरवाजे के बाहर से ईंट से फेंक कर पेट में मार दिया। प्रार्थिया ने बताया कि वर्तमान में वह 4 माह की गर्भवती है। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### जीजा ने की मारपीट

**महासमुंद।** मामूली विवाद को लेकर ग्राम खैरझिटी में एक व्यक्ति के साथ उसके जीजा ने मारपीट कर दी। तुमगांव पुलिस को टेमेश्वर सिन्हा ने बताया कि 4 मई को उसके घर में छट्ठी का कार्यक्रम था। जिसमें उसके जीजा और दीदी आये थे। रात 8 बजे जब उसके मोहन जायसवाल प्रार्थी की दीदी को करीबन रात्रि 8 बजे घर ले जाउंगा कहने लगे तब उसने कहा कि अभी रात हो गई है रूक जाओ। लेकिन जीजा ने तुम कौन होते हो मुझे मना करने वाले कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### हथियार लहराकर डराने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** हथियार लहराकर लोगों को डरा धमका रहे व्यक्ति पर बागबाहरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बाजारपारा, बागबाहरा के पास आरोपी दीपक साहू पिता परमानंद साहू (38 साल) को अपने हाथ में धारदार हथियार लेकर लोगों को डराते धमकाते हुए पाया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### मायन के दौरान युवक से मारपीट

**महासमुंद।** मायन कार्यक्रम के दौरान एक युवक के साथ मारपीट की घटना हो गई। मामले को लेकर पिथौरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रार्थी कुणाल रोहिल्ला ने बताया कि 6 मई को वह प्रेमराज रौतिया के मायन में अपने मित्रों के साथ सम्मिलित हुआ था, गाना बजाने को लेकर आरोपी अर्श यादव उर्फ टार्जन उसके साथ विवाद करने लगा। थोड़ी देर बाद प्रार्थी अपने मित्र तजिंदर पाल के साथ पहलवान ढाबा खाना खाने जा रहा था, तब उसके मोबाईल फोन में अर्श यादव उर्फ टार्जन कॉल करके गाली देते हुए बड़े मैदान आने के लिए कहा।

## परसदा में विवाह भोज के बाद 17 लोग फूड पॉइजनिंग के हुए शिकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर से लगे परसदा गांव में 17 लोग फुड पायजनिंग का शिकार हो गए। जिसे तुरंत नवापारा अस्पताल लाया गया। यहां डॉ तेजेंद्र साहू एवं उनके स्टाफ द्वारा त्वरित इलाज शुरू किया गया। सभी की जान बचा ली गई। 17 लोगो में 14 महिला, 2 पुरूष एवं 1 बच्चा शामिल है। जानकारी के मुताबिक गांव के एक घर में शादी चल रही थी। सोमवार की रात दाल चांवल के साथ करमत्ता भाजी भी खाए थे। भाजी खाने के बाद देर रात पेट में मरोड़ पैदा हुआ और तबियत बिगड़ने लगी जिसे मंगलवार की सुबह सीधे अस्पताल लाया गया। पायजनिंग फुड के शिकार ये सभी उल्टी, दस्त से पीड़ित थे। जिन्हें 108 में बिठाकर अस्पताल लाया गया। डॉ. तेजेंद्र साहू ने बताया कि पीड़ितों में सोनी खरे -20 वर्ष, मनीषा पवार-29,पूजा-25, बिनेश्वरी पवार -29, उमेश्वरी-19, धार्मक- 30, जानकी बाईं -45, सोनी खरे-29,लता-38, लीना रात्रे-20,किरण-25 वर्ष सहित अन्य लोग शामिल है। डॉ साहू ने बताया कि अस्पताल पहुंचते ही इनकी ईलाज तुरंत शुरू की गई। ईलाज के दौरान स्टाफ के ▶▶|शेष पेज 13 पर

## स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत महिला कर्मी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला मुख्यालय अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ एक महिला स्वास्थ्यकर्मी ने अपने ही सहकर्मी पर शादी का झांसा देकर लंबे समय तक दैहिक शोषण का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि यह घटनाक्रम वर्ष 2021 में कोविड ड्यूटी के दौरान आरंभ हुआ और फरवरी 2025 तक चलता रहा।

- सहकर्मी पर शादी का झांसा देकर शोषण का आरोप

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी टुकेश कुमार साहू आयु 27 वर्ष निवासी ग्राम भेण्ड्री थाना पाण्डुका ने 19 मई 2021 को स्टाफ रूम में महिला स्वास्थ्यकर्मी के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद विवाह का प्रलोभन देकर लगातार संबंध बनाए रखे। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि गर्भवती होने पर आरोपी ने उसे जबरन देशी दवाएं खिलाकर गर्भपात करा दिया। घटना की शिकायत थाना फिंगेश्वर में की गई है, चूंकि घटना क्षेत्र फिंगेश्वर थाना अंतर्गत आता है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और 5 मई 2025 को आरोपी टुकेश कुमार साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।



प्रकरण में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 111/2025 में भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 64(2)(ड), 88, एवं 296 के अंतर्गत अपराध दर्ज किया गया है, जो कि अजमानतीय श्रेणी का गंभीर अपराध है। पुलिस द्वारा दोनों पक्षों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है तथा महिला पुलिस अधिकारी ने पीड़िता का विस्तृत कथन दर्ज किया है, जिसमें आरोपी के विरुद्ध स्पष्ट आरोप लगाए गए हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच प्रारंभिक चरण में है तथा गहनता से विवेचना की जा रही है। इस गंभीर घटनाक्रम ने कोविड ड्यूटी के दौरान महिला कर्मियों की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

## राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण की जद में आया शताब्दी पुराना मंदिर, समिति ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नगर के मध्य से गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 सी के चौड़ीकरण कार्य के तहत लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग उपसंभाग क्रमांक 01 रायपुर द्वारा मजरकट्टा आईटीआई कॉलेज से न्यू सर्किट हाउस तक लगभग साढ़े चार किलोमीटर के दायरे में अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसी दौरान शहरी क्षेत्र में स्थित एक प्राचीन शिव दुर्गा मंदिर को भी हटाने का नोटिस जारी किया गया है, जिससे नगरवासियों में आस्था से जुड़ी नाराजगी देखी जा रही है। शिव दुर्गा मंदिर समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू एवं सदस्यों सत्यप्रकाश मानिकपुरी, सोहन देवांगन, विजय कुमार साहू, केशव राम साहू, शिव कुमार सरसिहा आदि ने प्रशासन के समक्ष ज्ञापन सौंपकर अनुरोध किया है कि मंदिर को हटाए जाने के बजाय उसके पीछे स्थित पश्चिम दिशा की रिक्त आबादी भूमि को मंदिर समिति को प्रदान किया जाए, ताकि वहीं मंदिर का पुनर्निर्माण किया जा सके।



### एनएच 130सी का होगा चौड़ीकरण

नगर के बीचोंबीच स्थित एनएच 130सी के चौड़ीकरण की योजना मजरकट्टा आईटीआई कॉलेज (किमी पॉइंट 61.800) से लेकर न्यू सर्किट हाउस (किमी पॉइंट 66.000) तक लागू की गई है। इस योजना पर कुल 43 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत आएगी। इस चौड़ीकरण से नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, लेकिन इसके चलते कई संरचनाओं को हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

समिति के अनुसार यह जमीन पूर्व में मंदिर का ही हिस्सा रही है, जहां धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता था। वर्तमान में इस भूमि को थाना सिटी कोतवाली द्वारा कांटेदार तार से घेरा गया है।

**आस्था बनाम विकास की टकराहट-** स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मंदिर लगभग 100 वर्ष पुराना है और नगर की आस्था से जुड़ा हुआ है। ऐसे में बिना वैकल्पिक व्यवस्था के मंदिर हटाया जाना धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा सकता है। समिति ने स्पष्ट किया है कि वे विकास कार्यों में पूर्ण सहयोग को तैयार हैं, बशर्ते धार्मिक धरोहर को सुरक्षित रखा जाए।

## पेड़ से टकराई कार, 5 घायल



**फिंगेश्वर।** सोमवार की शाम छुरा रोड पर एक तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई जिसके चलते कार के जहां परखच्चे उड गए। जिसमें कार सवार 5 लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फिंगेश्वर-सरकड़ा रोड पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। पेड़ से टकराने के बाद कार खेत में जा गिरी। बताया जा रहा है कि माना बस्ती तूता निवासी कार सवार लोग शादी समारोह में शामिल होने छुरा के लोहझर जा रहे थे। ड्राईवर के द्वारा तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक कार चलाने से वह कार से नियंत्रण खो बैठा और पेड से जा टकराया। फिंगेश्वर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शहर में एक नाबालिक से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। रिपोर्ट होने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। राजिम टीआई अमृतलाल साहू ने बताया कि नाबालिक के परिजन थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करवाए कि नजमुद्दीन उर्फसूर्या पिता सलाऊद्दीन उम्र 32 वर्ष साकिन तिहाई मुहल्ला 508 मावना उत्तरप्रदेश का रहने वाला है। इन्होने उस वक्त नाबालिक से छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया जब वह किराएदार को टिफिन भोजन पहुंचाने के लिए आई थी। जानकारी के मुताबिक यह आरोपी राजिम में नाम बदलकर रहता था। शहर में घुम-घुमकर कुकर, मिक्सी, स्टोव आदि की रिपेयरिंग करता था। इस घटना को लेकर शहरवासियों में जमकर आक्रोश का माहोल देखा गया। वार्ड नंबर 2 के पार्षद तुषार कदम का कहना है कि बाहर से आकर किराए के मकान में रहने वाले सभी लोगों की जानकारी पुलिस थाना में होनी चाहिए। ऐसे कई संदिग्ध बाहरी व्यक्ति कभी भी बड़ी घटना को अंजाम देकर भाग सकते है। बता दें कि पुलिस ने कुछ अरसे पहले पंपलेट छपवाकर लोगों को आगाह किया था कि अपने मकान को किराया देने वाला व्यक्ति किराएदार की पूरी जानकारी थाने में अवश्य दें। राजिम में शहर से दूर-दूर कई कॉलोनियां बन रही है जहां बाहर से आकर लोग किराए के मकान में रहने भी लगे है। इसी तारतम्य में सोमवार की देर शाम रेस्ट हाऊस राजिम में अफसरों की मौजूदगी में सर्वसमाज विश्व हिंदु परिषद और नगर पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक हुई जिसमें पुलिस अफसरो ने सीसीटीएनएस के माध्यम से थाना स्तर पर डाटाबेस तैयार करने का निर्णय लिया है। सभी स्थानीय जनप्रनिधियो को अपने वार्डो में मुसाफिर अजनबी की सूचना थाने तक देने कहा गया है। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव सहित स्थानीय पार्षद व पुलिस के जवान मौजूद थे।



स्वच्छता अभियान को मिली रफ्तार, ई-रिक्शा से कचरा उठा रहीं दीदियां

## नगर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती, 21 वार्डों में 45 दीदीयां तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

खास खबर

नगर को स्वच्छ बनाए रखने सफाई कर्मचारियों का अहम योगदान किसी से छिपा हुआ नहीं है। इस शहर के कुल 21 वार्डों के लिए 45 स्वच्छता दीदी तैनात है जो विभिन्न मुहल्लो में सुबह से ही ई रिक्शा चलाती हुई फर्राटे से आती है और कचरा उठाकर ले जाती है। शहर के प्रमुख चौक- चौराहे, सड़कें इनके बदौलत साफ सुथरी नजर आती है। कहना न होगा कि स्वच्छता का मुख्य जिम्मा स्वच्छता दीदियों के हाथों में है। जिस स्थान पर नगर के कचरे को लाकर छटनी एवं उचित प्रबंधन का कार्य किया जाता है उस स्थान को शासन द्वारा मणिकंचन का नाम दिया गया है। बता दे कि नवापारा नगर में 3 मणिकंचन केंद्र है। जो गोबरा बस्ती, तर्री एवं मुक्तिधाम में स्थित है। इस स्थान पर रोज सुबह स्वच्छता दीदी मणिकंचन केंद्र में इकट्ठा होकर उपस्थिति दर्ज कराते है। फिर रिक्शा एवं ई-रिक्शा लेकर विभिन्न वार्डो के घरों से कचरा इकठ्ठा कर वापस मणीकंचन केंद्र पहुंचती है। केवल इतने काम में ही स्वच्छता दीदीयों की जवाबदारी समाप्त नहीं होती बल्कि इकट्ठा किए गए कचरे को छांटने की जवाबदारी भी इन्ही की होती है प्लास्टिक, बोतल, पुट्ठा, कांच, सेनेटरी नैपकिन, डाइपर एवं अन्य सभी प्रकार के सूखे एवं गिले कचरे को छांटकर अलग-अलग डिब्बों में रखा जाता है। खाने पीने के गीले एवं अपशिष्ट कचरे को इकठ्ठा कर उसे खाद बनाने के लिए सीमेंट की बनी ▶▶|शेष पेज 13 पर



### नगर की साफ-सफाई में स्वच्छता दीदीयों का अमूल्य योगदान : ओमकुमारी

मणीकंचन केंद्र कचरे को खुले में फेंकने से रोकने और उसे व्यवस्थित तरीके से प्रबंधित करने में मदद करता है। घरों से निकलने वाले कचरे को एकत्र किया जाता है। सूखे व गीले कचरे को अलग-अलग छांटकर खाद तैयार की जाती है। यह प्रक्रिया महिला समूह द्वारा की जाती है। नगर की स्वच्छता एवं साफ सफाई में स्वच्छता दीदीयों का अमूल्य योगदान है। नगरवासियों से अपील है कि कचरा नाली में हरगिज न डालें। नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना पूरा सहयोग प्रदान करें।



### साप्ताहिक छुट्टी की मांग

सप्ताह में एक दिन रोटेशन के आधार पर छुट्टी अथवा रविवार के दिन अवकाश मिलना चाहिए। बताया कि नगर के कुछ वार्डों में ब्रेकर बहुत ऊंचे बनाए गए हैं जिससे रिक्शा एवं ई-रिक्शा की आवाजाही में परेशानी होती है। कई मोहल्ले में लोगों द्वारा कचरा बाल्टी की भी मांग की जाती है। लोगो से कहा गया है कि कचरे को नाली में न डालें। बल्कि कचरा गाड़ी में डालकर नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने में सहयोग करें।

## आंधी का कहर, दर्जनों पेड़ों की डालियां टूटीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

रविवार को तेज आंधी -बारिश के चलते नगर के दर्जनों पेड़ों के डाल टूटे। वहीं पर लोगों के घरों के पानी टंकी कनेक्शन भी टूट गए। इसी क्रम में अनुसूचित जाति छात्रवास के अंदर दो पेड़ का बड़ा डाल भी रात्रि मे टूट गया जिसकी कटाई कराकर हटाया गया। इसी प्रकार पंडित दीनदयाल उद्यान के अंदर एक नीम का पेड़ भी जड़ से उखड़ गया। गनीमत ये रही कि इसके चलते कोई हादसा नहीं हुआ।

# बार में मिल रही सभी ब्रांड की शराब, दुकानों से प्रचलित ब्रांड गायब, बीयर भी चुनिंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शराब की तस्करी रोकने शासन स्तर पर जहां एक ओर कीमत कम की गई है, वहीं सभी दुकानों में शराब का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने आबकारी विभाग को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके विपरीत राजधानी की ज्यादातर शराब दुकानों में प्रचलित ब्रांड की शराब तथा बीयर का टोटा है। बार में सभी तरह की बियर तथा व्हिस्की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

शहर की अलग-अलग शराब दुकानों का जायजा लेने पर कुछ चुनिंदा दुकानों में मैकडॉवेल, नंबर वन जैसे प्रचलित ब्रांड की उपलब्धता तो है, लेकिन मांग के अनुरूप स्टॉक नहीं है। इस संबंध में शराब दुकान के कर्मचारियों से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि ग्राहकों की मांग के अनुरूप ब्रांड की सूची वे संबंधित एजेंसी को देते हैं, लेकिन उनकी मांग के अनुरूप शराब की आपूर्ति नहीं हो पाती। इसके चलते ग्राहक विकल्प के रूप में किसी दूसरे ब्रांड की शराब लेने विवश होते हैं।

- मैकडॉवेल, आरएस, आरसी जैसे ब्रांड ज्यादातर दुकानों से गायब
- ग्रामीण क्षेत्रों में मैकडॉवेल जैसे ब्रांड का पर्याप्त स्टॉक


फाइल फोटो

### ऑफ सीजन के बावजूद नहीं मिल रही रम

रम की डिमांड गर्मी के बजाय ठंड के दिनों में ज्यादा रहती है, ऐसे में गर्मी के दिनों में रम पीने वालों को उनकी पसंद के अनुरूप रम मिलनी चाहिए। शराब दुकानों में चर्चित ब्रांड की रम ओल्ड मंक, ब्लैकबेरी जैसे ब्रांड की रम नहीं मिल रही। पूरे सीजन में किसी भी शराब दुकानों में मैकडॉवेल नंबर वन की रम किसी भी शराब दुकान में नहीं मिली।

### इन चर्चित ब्रांड का टोटा

शहर के ज्यादातर शराब दुकानों में व्हिस्की में मैकडॉवेल नंबर वन के साथ ही आरएस, आरसी, आईबी, एसी नीट, सिग्नेचर, ब्लैंडर स्प्राइड, ओक स्मिथ, ब्लैक एंड व्हाइट, जैमसन के साथ ही एंटी क्यूटी, एटपीएम ब्लैक, एसी ब्लैक जैसे ब्रांड की व्हिस्की नहीं मिल पा रही हे। इसी तरह से बियर में लोगों को हैवर्ड फाइव थाउजेंड, बटवाइजर जैसे चर्चित ब्रांड की बियर नहीं मिल रही है।

### मॉनिटरिंग नहीं होने से परेशानी

शराब की बिक्री को लेकर आबकारी विभाग की टीम को मॉनिटरिंग का जिम्मा है। आबकारी विभाग द्वारा किन दुकानों में किस ब्रांड की मांग ज्यादा है, इसकी नियमित मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है। इसके चलते दुकानों में चर्चित ब्रांड की शराब पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पा रही है। साथ ही बार संचालकों को उनकी मांग के अनुरूप सभी ब्रांड की व्हिस्की उपलब्ध कराई जा रही है। इस संबंध में आबकारी विभाग के अफसरों से संपर्क करने पर उनका कहना है कि महीने के प्रथम सप्ताह में चर्चित ब्रांड की शराब के स्टाक में कमी हो सकती है। बाकी दिनों में पर्याप्त मात्रा में सभी ब्रांड की शराब मिलने का उन्होंने दावा किया।

## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय निशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर 8 से



रायपुर। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में स्वामी परमार्थदेव के सानिध्य में तीन दिवसीय निशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सूर्या गार्डन हाउसिंग बोर्ड कालोनी, फेस-1, सेजबहार में 8 से 10 मई तक लगाया जाएगा। शिविर का समय तीनों ही दिन प्रातःकाल में सुबह 5 से 7 बजे तक है। प्राणायाम, आसन, ध्यानायाम व जीवनशैली पर विशेष रूप से मार्गदर्शन इस शिविर में दिया जाएगा। इस अवसर पर पतजंलि के चिकित्सकों द्वारा निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श भी दिया जाएगा। शिविर में प्रवेश पूरी तरह से निशुल्क है।

### अर्चना और पीयूष को मिला चिरायु का वरदान हृदयरोग से पीड़ित थे दोनों



रायपुर। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं चिरायु योजना की मदद से पहली कक्षा में पढ़ने वाली अर्चना और सात महीने के पीयूष को नया जीवन मिल गया। दोनों हृदय संबंधी समस्या से पीड़ित थे, जिनका इलाज एम्स और मुंबई के शिशु रोग अस्पताल में किया गया। सर्जरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद दोनों को हृदय रोग की समस्या से निदान मिल गया। ग्राम चिखली आरंग में रहने वाले आस कुमार प्रजापति की 7 वर्षीय बेटी अर्चना की हृदय गति असामान्य थी।

### पेंशनरों की 5 सूत्रीय मांगें, 15 को होगा प्रदेशव्यापी आंदोलन

रायपुर। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ द्वारा पेंशनरों की लंबित मांग को लेकर 15 मई को सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन किया जाएगा। 5 सूत्रीय मांगा के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने सभी जिला मुख्यालय में कलेक्टर को मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने पेंशनरों ने अपने 5 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। 15 मई को प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। महासंघ के प्रांत अध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव बताया कि प्रदेश स्तरीय आंदोलन के संबंध में मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और सभी जिलों के कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को ऑनलाइन सूचना देकर अवगत करा दिया गया है।

### सरोना स्टेशन पर चल रहा विकास कार्य 60 प्रतिशत काम पूरा

# अमृत भारत के छोटे स्टेशनों में बड़ी सुविधा, रायपुर भिलाई के बीच सरोना बना अब बड़ा स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत छोटे रेलवे स्टेशनों की तस्वीर अब तेजी से बदल रही है। रायपुर से लगे सरोना रेलवे स्टेशन पर अब यात्रियों को गर्मी में धूप में खड़े रहकर ट्रेन का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यहां चार बड़े शेड लगाए जा चुके हैं, जिससे यात्रियों को खासी राहत मिल रही है। स्टेशन के आधुनिकीकरण का कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

हरिभूमि सरोकार

वर्तमान में एक नया फुट ओवरब्रिज बनाया जा रहा है, जो चौड़ाई में रायपुर स्टेशन से भी बड़ा होगा। हरिभूमि टीम जब सोमवार को स्टेशन पहुंची। यहां प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ा दी गई है और पंखे, शुद्ध पानी, सोलर शेड जैसी कई आधुनिक सुविधाएं स्टेशन पर स्थापित की जा चुकी हैं। प्रवेश द्वार को भी आकर्षक रूप दिया जा रहा है, जिससे स्टेशन की पूरी सूरत बदल गई है। रेलवे के इस प्रयास से अब यात्रियों को एक बेहतर और सुविधाजनक यात्रा अनुभव मिलने की उम्मीद है।

### छोटे स्टेशनों में आधुनिक सुविधा

रायपुर से भिलाई के बीच सरोना स्टेशन अब छोटे स्टेशनों में आधुनिक सुविधाओं से लैस होकर एक नया उदाहरण बनता जा रहा है। सरस्वती नगर और कुम्हारी जैसे अन्य हाल्ट स्टेशनों की तुलना में सरोना अब कहीं अधिक विकसित हो चुका है। हर दिन यहां से 800 से अधिक यात्री ट्रेन से सफर करते हैं। यात्रियों की संख्या और सुविधाओं को देखते हुए रेलवे बोर्ड यहां कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज देने पर विचार कर सकता है। इससे यात्रियों को बड़ी ट्रेनों के लिए रायपुर जैसे मुख्य स्टेशन तक नहीं जाना पड़ेगा। स्टेशन पर न केवल प्लेटफार्म की संरचना में सुधार किया गया है, बल्कि बेहतर लाइटिंग, ट्रेन और कोच इंडिकेटर बोर्ड, साइनेज और अन्य यात्री सुविधाएं भी जोड़ी जा रही हैं।

**शेड लगने से गर्मी में नहीं झेलनी पड़ रही धूप**



### वेटिंग हॉल के साथ सुरक्षा भी

स्टेशन पर वेटिंग हॉल, पार्किंग के साथ प्लेटफार्म में आधुनिक कैमरा भी लगाया जा रहा है। योजना के तहत अन्य स्टेशनों में भी फुट ओवरब्रिज, लिफ्ट एस्केलेटर, सर्कुलेटिंग एरिया का उन्नयन, वेटिंग हॉल और टॉयलेट का उन्नयन, स्टेशन लाइटिंग में सुधार, साइनेज, ट्रेन एवं कोच इंडिकेटर बोर्ड, पार्किंग स्थान में वृद्धि, प्लेटफार्म एरिया का विस्तार, शेड, स्थानीय कला और संस्कृति के अनुसार स्टेशन के वाह्य स्वरूप का उन्नयन किया जा रहा है।



### योजना में छत्तीसगढ़ के 21 स्टेशन शामिल

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ में 21 रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास व शिलान्यास किया जाना है, जिसमें सरोना, उरकुरा, मंदिर हसौद, हथबंध, निपनिया, भाटापारा, डोंगरगढ़, कोरबा, रायगढ़, राजनांदगांव, भिलाई नगर, बिल्हा, बैकुंठपुर रोड, अंबिकापुर, उसलापुर, पेंड्रारोड, जांजगीर-नैला, चांपा, बाराद्वार, दल्लीराजहरा, भानुप्रतापपुर और भिलाई स्टेशन शामिल हैं।

# पढ़ाई छोड़कर विरोध में बैठे छात्र, कहा- 6.30 बजे नहीं पहुंच सकते, बढ़ाएं परीक्षा का समय



- रविवि ने सुबह 7 बजे से 10 बजे तक लेगा सेमेस्टर परीक्षाएं, आधे घंटे पहले पहुंचना होगा सेंटर
- कोर्स पूर्ण नहीं होने को लेकर भी नाराजगी, परीक्षा तिथि में वृद्धि की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं की तिथि जारी किए जाने के साथ ही छात्रों द्वारा समय और तिथि को लेकर विरोध भी शुरू हो गया है। रविवि द्वारा परीक्षा का समय प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक निर्धारित किया गया है। परीक्षा में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों को सुबह 6.30 बजे पहुंचना होगा।

छात्रों का कहना है कि कई परीक्षार्थी काफी दूर से आते हैं। ऐसे में सभी के लिए सुबह 6.30 बजे तक केंद्र पहुंच जाना संभव नहीं है। ऐसे में परीक्षा की शुरुआत कम से कम प्रातः 8 बजे हो। इसके अलावा छात्र परीक्षा तिथि बढ़ाने की मांग कर रहे हैं, क्योंकि महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में पाठ्यक्रम अब तक पूर्ण नहीं हो सका है। एनएसयूआई के नेतृत्व में छात्रों ने यह विरोध-प्रदर्शन किया। लगभग एक घंटे चले इस प्रदर्शन के दौरान विवि के प्रशासनिक भवन का मुख्य द्वार बंद ही रहा। पुनेश्वर लहरे, रजत ठाकुर, अंकित बंजारे, हिमांशु तांडी, आलोक खरे समेत बड़ी संख्या में छात्रा प्रदर्शन में शामिल रहे। कुलसचिव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने और आश्वासन मिलने के बाद ही छात्रों ने प्रदर्शन समाप्त किया।

### पढ़ाने के लिए उपलब्ध कराएं शिक्षक

छात्रों ने कई विभागों में शिक्षक नहीं होने पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अध्ययन के लिए यथाशीघ्र शिक्षक उपलब्ध कराए जाएं ताकि वे परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। गौरतलब है कि विवि में लंबे समय से प्राध्यापक भर्ती प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अब तक ये पूर्ण नहीं हो पाई है। विश्वविद्यालय अध्ययनशाला के अलावा कई महाविद्यालयों में भी थोक में पद रिक्त हैं। इसके कारण प्रायोगिक कार्यों सहित सैद्धांतिक विषयों की पढ़ाई में भी छात्रों को दिक्कतें आ रही हैं।

### रविवि ने बढ़ाई आवेदन तिथि

विवि अध्ययनशाला में संचालित पाठ्यक्रम के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं की आवेदन तिथि में वृद्धि की गई है। पूर्व में इसके लिए 25 मार्च से 25 अप्रैल तक का समय छात्रों को दिया गया था। अब 6 मई से 12 मई तक छात्रों के लिए आवेदन पोर्टल फिर से खोल दिया गया है। गौरतलब है कि इस बार रविवि द्वारा प्रवेश परीक्षाएं ऑफलाइन मोड में लिए जाने की तैयारी है।

## जेएन मेडिकल कॉलेज के डीन से दुर्व्यवहार, कम्युनिटी मेडिसिन के संविदा डॉक्टर को नोटिस

रायपुर। शासकीय जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी के साथ बदसलूकी करने के आरोप में कम्युनिटी मेडिसिन के संविदा डॉक्टर कमलेश जैन को नोटिस जारी किया गया है। डीन कार्यालय में हुई इस घटना के मामले में उनसे सात दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। जारी नोटिस में इस बात का आरोप है कि सह प्राध्यापक डॉ. कमलेश जैन 30 अप्रैल को बिना अनुमति डीन डॉ. विवेक चौधरी के कार्यालय में प्रवेश कर गए और मौजूदा स्टाफ के सामने अनर्गल आरोप लगाकर दुर्व्यवहार करने लगे। समझाइश के बाद भी वे नहीं माने और संस्था प्रमुख से उलझते रहे। मेडिसिन के विभागाध्यक्ष के माध्यम से डॉ. जैन को नोटिस जारी कर इस घटना के बारे में जवाब मांगा है, संतोषजनक जवाब नहीं होने पर अनुशासनहीनता की कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। काफी सालों से संविदा आधार पर डॉ. कमलेश जैन मेडिकल कॉलेज में सह प्राध्यापक के रूप में पदस्थ हैं। अपने किसी कार्य के संबंध में वे डीन कार्यालय पहुंचे थे, जहां विवाद की स्थिति निर्मित हो गई और काफी हंगामा हो गया। विवाद बढ़ते देख वहां मौजूद अन्य स्टाफ और सुरक्षा जवानों की मदद से डीन के निर्देश पर उन्हें कार्यालय से बाहर निकाला गया।

## इस बार प्रदेश में नहीं बढ़ पाएंगी एमबीबीएस की सरकारी सीटें, नए कॉलेजों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नीट की परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को इस बार चार नए शासकीय मेडिकल कएॅलेज और दो सौ नई सीटों का विकल्प नहीं मिल पाएगा। प्रदेश में कबीरधाम, मनेंद्रगढ़, जांजगीर-चांपा और गीदम में कॉलेज खोले जाने हैं, मगर इसके लिए संसाधन जुटाने में अभी काफी वक्त लगने की संभावना है। फिलहाल राज्य में 10 शासकीय और 5 निजी मेडिकल कॉलेजों में कुल 2130 सीटें हैं।

- कवर्धा, मनेंद्रगढ़, जांजगीर-चांपा और गीदम में खुलने हैं नए सरकारी कॉलेज

सूत्रों के अनुसार, शासकीय स्तर पर खुलने वाले इन चार शासकीय मेडिकल कॉलेजों की शुरुआत 50-50 सीटों से होगी। अभी कॉलेज के भवन निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके अलावा जरूरी सुविधाओं के साथ यहां फैकल्टी की व्यवस्था भी की जानी है, जिसमें वक्त लगने की संभावना है। अन्य राज्यों की तरह प्रदेश में भी छात्रों के बीच मेडिकल की पढ़ाई का क्रेज है। इस बार आयोजित नीट में प्रदेश के 9300 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिसमें परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद 50 फीसदी विद्यार्थी एमबीबीएस की सीटों के लिए दावेदारी करेंगे।



### संसाधन जुटाने की तैयारी

चार जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना पर काम चल रहा है। सीजीएमएससी द्वारा निर्माण संबंधी टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जा रही। साथ ही अन्य संसाधन जुटाने का काम पूरा किया जाएगा। कॉलेजों की शुरुआत इस सीजन में नहीं हो पाएगी। - **डॉ. यूएस पैंकरा**, डीएमई

### पिछली बार खुले निजी सेक्टर के दो कॉलेज

राज्य में पिछले सीजन में दो निजी कॉलेजों की शुरुआत की गई थी। इसमें एक कॉलेज में सौ तथा दूसरे में एमबीबीएस की डेढ़ सौ सीटें हैं। पूर्व के तीन कॉलेजों को मिलाकर इनकी संख्या पांच हो चुकी है, जहां एमबीबीएस की कुल सात सौ सीटें हैं। काउंसिलिंग की विभिन्न कोशिशों के बावजूद इन कॉलेजों की सभी सीटें फुल हो जाती हैं। सरकारी की तुलना में कुछ निजी कॉलेजों का क्रेज काफी अच्छा है और दूसरे राउंड तक उनकी सभी सीटों पर एडमिशन हो जाता है।

## सिंधी समाज के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी, दर्ज करवाई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राज्य में बीते कुछ सालों से सांप्रदायिक माहौल लगातार ख़राब हो रहा है, जिसमे कुछ शरारती तत्वों द्वारा सोशल मीडिया के जरिये विभिन्न सम्प्रदायों को निशाने पर लिया जा रहा है, उन सभी समाजों के खिलाफ आये दिन अनर्गल और अनुचित टिप्पणियां जारी है, पहले भी जैन संत, अग्रवाल समाज, मारवाड़ी, सिंधी समाज, ब्राम्हण समाज, मुस्लिम समाज, उ.प्र-बिहार के लोगों को बाहरी कहकर राज्य का माहौल खराब किया गया है।

ऐसे कई मामलों में FIR तक दर्ज करवाई जा चुकी है, लेकिन ऐसे लोगों को कोई भय नहीं है। धार्मिक सामाजिक टिप्पणियाँ लगातार ऐसे लोगों द्वारा जारी है, जो राज्य के शांत माहौल में जहर घोलने का कम कर रही है। सिन्धी समाज पर अनुचित टिप्पणी, । त्रिभुवन त्रिपाठी नामक व्यक्ति ने सिन्धी समाज के खिलाफ बहुत ही अशोभनीय टिप्पणी की है, जिसके बाद सिन्धी समाज के लोग काफी आक्रोशित है। त्रिभुवन त्रिपाठी नामक व्यक्ति ने सिन्धी समाज के खिलाफ बहुत ही अशोभनीय टिप्पणी की है, जिसके बाद सिन्धी समाज के लोग काफी आक्रोशित है, ऐसे में सिंधु युवा शक्ति के तत्वावधान में बड़ी संख्या में सिन्धी समाज के युवाओं सहित हिंदूवादी संगठनों के युवा एकत्र हुए और हिन्दू समाज को तोड़ने एवं अशांति फैलाने के प्रयास में त्रिभुवन त्रिपाठी एवं उसके साथी गणों के खिलाफ थाने सिविल लाइन में शिकायत दर्ज करने पहुंचे।

### सांस भरने और धड़कन तेज होने की शिकायत

# दो लाख में एक को होती है हृदय की दुर्लभ बीमारी, सर्जरी के बाद मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो लाख लोगों में से एकाध को होने वाली हृदय की दुर्लभ बीमारी का ओपन हार्ट सर्जरी के माध्यम से इलाज किया गया। 36 वर्षीय महिला सांस भरने और अनियमित धड़कन की शिकायत लेकर आंबेडकर अस्पताल पहुंची थी। हार्ट सर्जरी विभाग की जांच में पता चला की हृदय से शरीर के अन्य हिस्से को ऑक्सीजनयुक्त रक्त पहुंचाने वाला पंपिंग चैंबर केवल 20 फीसदी काम कर रहा था। सर्जरी और कुछ दिनों की निगरानी के बाद महिला को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

**शरीर को ऑक्सीजन युक्त रक्त पहुंचाने वाला पंपिंग चैंबर कर रहा 20 फीसदी काम**



### सांसद की चिट्ठी से हड़कंप, जरूरी संसाधनों के बारे में पूछताछ

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को चिट्ठी लिखकर हार्ट सर्जरी विभाग में ऑपरेशन नहीं होने के मामले में हस्तक्षेप की मांग की थी। इस चिट्ठी ने रायपुर मेडिकल कॉलेज से लेकर चिकित्सा शिक्षा विभाग तक हड़कंप मचा दिया है। पत्र के बाद सभी तरह के ऑपरेशन के लिए जरूरी संसाधनों के बारे में उच्च स्तर पर जानकारी मांगी गई है। यहां ओपन हार्ट सर्जरी ले-देकर पूरी हो रही है, मगर भारी दबाव के बाद भी परफ्यूजीनिस्ट, कार्डियक फीजिशियन और एनेस्थेटिक के अभाव में बाईपास सर्जरी नहीं हो पा रही है। सांसद की चिट्ठी के बाद इस सुविधा के भी शीघ्र शुरू होने की उम्मीद की जा रही है।

# टोल प्लाजा में टैक्स की धांधली, गैरेज में खड़ी कार के फास्टैग से कट गए पैसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टोल प्लाजा में फास्टैग के नाम पर वाहन मालिकों के साथ धोखाधड़ी करने का एक अलग तरह का मामला सामने आया है। वाहन मालिक की कार गैरेज में खड़ी थी, लेकिन उनकी कार का 4 मई को तड़के 5 बजकर 39 सेकेंड में टोल शुल्क कटने का मोबाइल पर मैसेज आया। कार मालिक का कहना है कि उनके मोबाइल में जब मैसेज आया, उस समय उनकी कार गैरेज में खड़ी थी। इसका कार मालिक ने सीसीटीवी फूटेज भी टोल प्लाजा के जिम्मेदारों को भेजा है। कार मालिक राजेंद्र निगम के मुताबिक, उनके भाई की कार सीजी 04 एमजेड 7636 रिपेयरिंग के लिए देवपुरी स्थित महादेव मोटर्स में 12 अप्रैल से खड़ी है। फास्टैग से 105 रुपए कटने के बाद कार मालिक महादेव मोटर्स प्रबंधन से संपर्क कर सीसीटीवी फूटेज हासिल किया तो कार गैरेज में खड़ी मिली। इसके बाद कार मालिक ने बैंक जाकर जानकारी हासिल की तो बैंक प्रबंधन संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। कार से टोल टैक्स बिलासपुर सारागांव मार्ग स्थित भोजपुरी टोल प्लाजा से काटा गया है।

**नंबर रीड नहीं हो पाने की वजह से टोल कर्मचारी मैनुअली किसी दूसरी गाड़ी का नंबर एड कर काट रहे राशि**

### पूर्व में भी ऐसी धांधली

राजेंद्र निगम के अनुसार, फास्टैग से राशि काटे जाने की गड़बड़ी पूर्व में भी हो चुकी है। श्री निगम के अनुसार पिछले वर्ष उनकी बेटी की कार से बगैर आवाजाही किए फास्टैग से राशि काट ली गई थी। रकम कम होने की वजह से राजेंद्र निगम की बेटी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।




### टोल प्लाजा में कई तरह की गड़बड़ी सामने आ रहीं

टोल प्लाजा में 20 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले वाहन मालिकों से टोल लेने का नियम नहीं है। बावजूद इसके 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों से टोल टैक्स की वसूली की जा रही है। इसके अलावा 24 घंटे के भीतर आवाजाही करने पर 75 रुपए टोल लेने के बजाय आरंग सहित कुम्हारी टोल पर भी 100 रुपए चार्ज लिया जा रहा है। इस तरह से टोल नाके पर वाहन मालिकों की जेब काटने का खेल चल रहा है।

## खबर संक्षेप

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर कल

**महासमुंद।** विश्व रेडक्रॉस दिवस पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा महासमुंद द्वारा 08 मई 2025 को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय महासमुंद स्थित ब्लड बैंक में प्रातः10 बजे से प्रारंभ होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, जरूरतमंदों को जीवनदान प्रदान करना तथा मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करना है। शिविर के आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पी कुदेशिया, सभापति संदीप दीवान, उपसभापति डॉ. राकेश कुमार परदल, कोषाध्यक्ष पारस चोपड़ा तथा जिला संगठन एवं राज्य प्रतिनिधि डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी ने जिले के नागरिकों, युवाओं एवं समाजसेवी संगठनों से अधिकाधिक संख्या में रक्तदान कर मानवता की सेवा में सहभागी बनने का आव्हान किया है।

### सम्मान समारोह व आदर्श विवाह 11 को

**नर्रा।** सुरमाल परिक्षेत्र के तत्वावधान में सम्मान समारोह व सामूहिक आदर्श विवाह आश्रित ग्राम मुनगासेर में 15 मई सन 1975 में आयोजित किया गया था। जिसकी 50वीं वर्षगांठ साहू समाज सुरमाल परिक्षेत्र क्र 1 के मुख्यालय ग्राम घोयनाबाहरा में 11 मई रविवार को साहू भवन में धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें स्वर्ण जयंती समारोह, सामूहिक आदर्श विवाह व सम्मान समारोह के बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव शिरकत करेंगे। विशिष्ट अतिथि में सांसद रुपकुमारी चौधरी, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव, टहल सिंह साहू प्रदेश अध्यक्ष साहू समाज छग, येतराम साहू जिलाध्यक्ष भाजपा होंगे। विशेष अतिथि के रूप में रवि फरोदिया जिला पंचायत सदस्य व सभापति जल संसाधन विभाग, धरमदास साहू जिलाध्यक्ष साहू समाज, भेखलाल साहू तहसील अध्यक्ष साहू समाज बागबाहरा, देवेश साहू अध्यक्ष सुरमाल परिक्षेत्र क्र 4 व उपाध्यक्ष नगर पालिका बागबाहरा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नारायण लाल साहू संरक्षक साहू समाज सुरमाल परिक्षेत्र क्र 1 करेंगे।

### महासमुंद में जिला स्तरीय शतरंज चयन स्पर्धा 13 को

**महासमुंद।** जिला शतरंज संघ व रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में जिला शतरंज चयन स्पर्धा 13 मई को रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में किया जाएगा। इस स्पर्धा में केवल अंडर 7, अंडर 9, अंडर 11 व अंडर 13 आयु वर्ग के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय नियमानुसार स्विस लीग पद्धति से होगी। जिसमें खिलाड़ियों को सभी चक्र खेलना आवश्यक होगा। स्पर्धा के लिए टाइम कंट्रोल बगैर किसी इंक्रीमेंट के दोनों खिलाड़ियों को 15-15 मिनट दिए जाएंगे। प्रतियोगिता के अंतिम चक्र पश्चात खिलाड़ियों के समान अंक आते है तो ऐसी स्थिति में ऑल इंडिया चेस फेडरेशन द्वारा निर्धारित टाई ब्रेक नियमों का पालन किया जाएगा। जिला एवं प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमन्त खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि अन्य कैटेगरी के लिए खेल कैलेंडर भी जल्द घोषित किया जाएगा। प्रतियोगिता के संबंध में अधिक जानकारी टूर्नामेंट डायरेक्टर हेमंत खुटे व स्पोर्ट्स टीचर कुनेन अहमद (रिवरडेल स्कूल) देंगे।

---

**लापरवाही : मल्टीएक्टिवीटी केन्द्र के नाम पर 25 लाख रुपए खर्च कर किया भवन निर्माण**

# बेहराडीह में भवन निर्माण में अनियमितता शासकीय राशि के दुरुपयोग की जांच की मांग


हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 09 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बोईरगांव के आश्रित ग्राम बेहराडीह में पिछले सरकार के कार्यकाल के दौरान लाखों रूपये खर्च कर स्वः सहायता समूह को मजबूती प्रदान करने पानी की तरह पैसा खर्च किया गया है लेकिन इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। एक तरह से शासकीय राशियों का यहा जमकर दुरूपयोग हुआ है जिसकी जांच किया जाए तो कई मामले सामने आऐंगे ग्राम पंचायत बोईरगांव के आश्रित ग्राम बेहराडीह में मल्टीएक्टिवीटी केन्द्र के नाम पर भूमि संरक्षण विभाग गरियाबंद द्वारा तीन भवनों का निर्माण किया गया है जिसकी लागत 25 लाख रूपये बताई जाती है लेकिन इस भवन का आज तक कोई उपयोग नहीं हुआ और तो और भवन निर्माण के बाद संबधित विभाग ने कभी इस ओर झांककर देखना पंसद भी नहीं किया जिसके कारण यहां भवन समय से पहले जर्जर स्थिति में पहुंचते जा रहा है। इस भवन निर्माण में गुणवत्ता में जमकर अनदेखी किया गया है जिसके कारण नीव के नीचे के मिट्टी धसक गई है और तो और शटर, दरवाजा टूटकर जमीन पर गिर गया है।



### भवन का नहीं हुआ है उपयोग

ग्राम पंचायत बोईरगांव के सचिव दशरू जगत ने बताया कि भवन निर्माण भूमि संरक्षण विभाग द्वारा किया गया है और इसका सटर दरवाजा टूटकर गिर गया है जिसकी जानकारी संबधित विभाग को दिया जा चुका है। उन्होने कहा कि अब तक इस भवन का उपयोग नहीं किया गया हैं।



### भवन का स्ट्रक्चर नहीं बनाया मजबूत, शटर गुणवत्ताहीन बनाई गई

जगह -जगह से भवन उखड रहा है लेकिन इसके सुधार करने वाला कोई नहीं है भवन निर्माण कार्य को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि लाखों रूपये सिर्फ यहा खर्च किया गया है, लेकिन इसका उपयोग कुछ भी नहीं हुआ और तो और जो सूचना पटल बाहर लगा था उसे भी हटा दिया गया है जो कई संदेह को जन्म देता है मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय महिलाओं एवं स्व सहायता समूह को रोजगार दिलाने लाखों रूपये खर्च कर एक जगह तीन भवन का निर्माण किया गया है लेकिन भवन निर्माण में गुणवत्ता के तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया भवन का स्ट्रक्चर मजबूत नहीं बनाया गया शटर गुणवत्ताहीन बनाई गई है जिसके कारण वह टूटकर गिर रहा है और तो और भवन में फिनसिंग कार्य भी नहीं हुआ है इस भवन का निर्माण किस उद्देश्य के साथ किया गया था और उस उद्देश्य की आज तक पूर्ति नहीं हुई एक तरह से शासकीय राशियों का जमकर दुरूपयोग किया गया है जिसकी जांच होना चाहिए और संबधित अफसरों से इस राशि वसूली किया जाना चाहिए। क्षेत्र के वरिष्ठ जनों ने इस मामले की शिकायत पिछले दिनों मैनपुर पहुचे महासमुंन्द लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी से किया है साथ ही गरियाबंद जिला के नव नियुक्त कलेक्टर भगवान सिंह उईके से इस भवन निर्माण की जांच की मांग किया है।

---

## अचारी आम के लिए हो रही है जेब ढीली



**मैनपुर।** बेमौसम बारिश एंव अंधड के चलते इस बार आम की फसल कमजोर रही यही वजह है कि अचारी आम की आवक बाजार में समिति मात्रा में हो रही है। इसकी वजह से इसके दाम अधिक होने से इसे खरीदने वालों को जेब ढीली करनी पड रही है, बिरन सिंह नेताम, राजकुमार ठाकुर, विमल कुमार नेताम, रेवती बाई, भुपेन्द्री नेताम ने इस बार बेमौसम बारिश ने आम के फसल को खुब नुकसान पहुचाया है क्योंकि जब आम के पेडो में अधिक मात्र में बौर लगे थे उसी बीच तेज हवाओं के साथ रूक रूककर बारिश हुई, इससे 50 प्रतिशत बौर झड गए इसके बाद बचे हुए बौर जब छोटे -छोटे फल लगा इस बीच भी बेमौसम बारिश व अंधड ने कहर बरपाया इससे भी भारी नुकसान हुआ जिसके कारण अचारी आम के दाम अधिक बढ गए है, क्षेत्र में 200 से 300 रूपया प्रति सैकडो के हिसाब से अचारी आम खरीदना पड रहा है जिसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है, हालांकि मैनपुर क्षेत्र के कई ईलाको में इस वर्ष आम की अच्छा पैदावारी भी हुई है, इसके बावजूद भी अचारी आम के लिए लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा हैं।

---

## राजिम कॉलेज में कार्यशाला का समापन आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा ने कहा कि संपूर्ण मानवजाति के लिए अति आवश्यक है कि वह सामाजिक विज्ञान या समाजशास्त्र का अध्ययन करें उन्होंने तुलसीदास द्वारा रचित श्लोक की व्याख्या करते हुए बताया कि अपने व्यवहार और व्यक्तित्व में परोपकार का संयोजन करने से ही मानव जन्म लेना सार्थक सिद्ध होता है। व्यक्ति हर पल हर दिन हर समय कुछ ना कुछ सीखता रहता है यही अध्येता और श्रोता का सिद्धांत है। समाज विज्ञान को पढ़ना होता है समाजशास्त्री को भाषा शास्त्री होना भी आवश्यक होता है ताकि वह अलग-अलग समुदाय ,अलग-अलग भाषा से संचार स्थापित कर सके। राजाराममोहन राय, स्वामी दयानंद सरस्वती बड़े समाजशास्त्री थे जिन्होंने समाज को जोड़कर एकता के सूत्र बांधने का प्रयास किया। सशक्त और जिम्मेदार नागरिक कोई भी हो जो समाज को जोड़कर रखता है उसको तिरस्कार सहना पड़ा है। इन तिरस्कारों को नजरअंदाज कर समाज के लिए नए आयाम स्थापित करने होते हैं तब जाकर समाज का विकास परिवार का विकास और देश का विकास होता है। महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन आज 7 मई तक है। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ चुन्नीलाल शर्मा प्रोजेक्ट ऑफिसर तथा विशेष अतिथि सौरभ तिवारी स्टेट कोऑर्डिनेटर थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के वंदना से हुआ। राजकीय गीत अरपा पैरी के धार का गायन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ प्रध्यापक मोहनलाल वर्मा, डॉक्टर केआर मतावले, डॉ. समीक्षा चंद्राकर, डॉ. राजेश बघेल, डॉ. देवेंद्र देवांगन, डाहरू सोनकर, डॉक्टर सर्वेश कौशिक पटेल, खोमन साहू, प्रदीप टंडन, डॉक्टर अश्वनी साहू, डॉक्टर ग्रीष्मा सिंह, नेहा सोनी, निधि बग्गा, मनीष साहू रजत पांडे, सीमा साहू, सोनम चंद्राकर का शानदार योगदान रहा।

---

## तेन्दूपत्ता बना ग्रामीण रोजगार का आधार, आय में हो रहा इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र मे इन दिनो तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य शुरू हो गया है और संग्राहक सुबह 4 बजे से जंगल के तरफ तेन्दुपत्ता संग्रहण के लिए निकल रहे है तेन्दुपत्ता संग्रहण करने के लिए परिवार के साथ छोटे- छोटे बच्चों को लेकर जंगल जा रहे हैं यह एक ऐसा समय है जब वनांचल क्षेत्र मे निवास करने वाले लोगो के लिए किसी त्यौहार से कम नही है तेन्दूपत्ता संग्रहण करने के बाद उससे मिलने वाले आय से परिवार का छह माह का जीविकोपार्जन हो जाता है और इसी लिए परिवार के साथ ग्रामीण तेन्दूपत्ता संग्रहण करने जंगल के तरफ निकल रहे है दोपहर 12 बजे तक तेन्दूपत्ता संग्रहण करने के बाद ग्रामीण वापस घर लौटते है और उसे गड्डी बनाकर देर शाम तक फड़ मे जाकर विक्रय करते है। राज्य मे तेन्दूपत्ता लघु वनोपज संग्राहक को संग्रहण परिश्रमिक की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाईन भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ एक सॉफ्टवेयर ऑनलाइन एमएफपी कलेक्शन एवं पेमेंट सिस्टम तैयार किया गया है। तेन्दूपत्ता संग्राहकों को प्रतिमानक बोरा 5500 रूपये पारिश्रमिक भुगतान किया जा रहा है और अलग से बोनस भी दिया जाता है यह भुगतान राज्य के विष्णुदेव सरकार द्वारा बढाई गई है जिसके कारण इसका सीधा लाभ संग्राहकों को मिलेगा।



### तेन्दूपत्ता से ग्रामीणों को होता है आर्थिक लाभ

मैनपुर जोबा क्षेत्र मे तेन्दूपत्ता संग्रहण कर रहे ग्रामीण महिलाएं हेमलता नागेश, राजकुमारी ठाकुर, ममता ध्रुव, ज्ञानिक बाई, सुकमोतिन, लक्ष्मी सोरी, भागवती नागेश, ललिता नागेश, हीराबाई ने बताया कि परिवार सुबह 4 बजे उठकर जंगल चले जाते है दोपहर मे तेन्दूपत्ता तोड़कर वापस घर लौटते है फिर तेन्दूपत्ता का गड्डी बनाकर फड़ में ले जाते है तेन्दूपत्ता से आर्थिक आमदनी होती है मई के महिने में तेन्दूपत्ते का सीजन होता है जो उनकी आमदनी का मुख्य जरिया होता है 50 तेन्दूपत्ता का एक गड्डी बनाते है तेन्दूपत्ता का बड़ा पेड़ भी होता है और पौधा भी होता है तेन्दूपत्ता छोटे बुटा से ईकट्ठा किया जाता है जिस जंगल से तेन्दूपत्ता लाते है वहां पूरे परिवार के लोग संग्रहण करने जाते है तेन्दूपत्ता मुख्य रूप से बिड़ी बनाने मे उपयोग किया जाता है और इसकी मांग विदेशों में है।

---

## पेज 11 के शेष...

### अमलीपदर-शोभा...

सदस्य श्री संजय नेताम, श्रीमती नेहा सिंघल, पूर्व विधायक श्री गोवर्धन मांझी जनपद सदस्य श्री निर्भय सिंह ठाकुर एवं जिला पंचायत के सीईओ जीआर मरकाम ने भी समाधान शिविर को संबोधित किया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम, जनपद उपाध्यक्ष नंदकुमारी राजपूत, सरपंच होमा नेताम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम श्री तुलसीराम मरकाम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**8 गर्भवती महिलाओं को दी गई सुपोषण किट-** इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 गर्भवती महिलाओं को सुपोषण किट तथा तीन बच्चों का अन्नप्रासन्न कराया गया। इसके अलावा विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा सभी निराकरणों का वाचन कर पारदर्शिता के साथ ग्रामीणों को अवगत कराया गया।

### परसदा में विवाह...

रेणुका साहू, महेंद्र दीवान, नितेश कुमार मौजूद थे। इन्होने सभी मरीजों का सही देखभाल किया। ईलाज में मदद की। डॉ. तेजेंद्र साहू ने एक अपील जारी कर लोगों से अनुरोध करते हुए कहा है कि खान-पान में हर व्यक्ति सावधानी बरते। स्वच्छ पानी का उपयोग करे और ताजा भोजन करे। धूप बहुत तेज है और गर्मी तीखा है लिहाजा कही बाहर से आने पर ईलेक्ट्राल पाऊडर अथवा ओआरएस का घोल पिएं। विशेष कर शादी समारोह में अपने स्वास्थ को ध्यान में रखते हुए लिमिट मात्रा में ही सुपाच्य भोजन ही ग्रहण करे। देर शाम डॉ. साहू ने बताया कि सभी मरीजो का स्वास्थ्य ठीक हो गया है। देर रात तक डिस्चार्ज भी किया जा सकता है।

### नगर की स्वच्छता...

टंकी में डाला जाता है। जिसे बाद में कंपोस्ट के रूप में पेड़ पौधे के विकास के लिए उपयोग किया जाता है।

**नगर के 21 वार्डों के लिए तैनात है 45 स्वच्छता दीदी-** मणिकंचन केंद्र की महिलाएं स्व-सहायता समूह बनाकर कार्य कर रही है। इस शहर के तीन मणिकंचन केंद्रों में कुल 45 स्वच्छता दीदी नियुक्त हैं। जो 21 हाथ रिक्शा एवं 9 ई-रिक्शा के माध्यम से विभिन्न वार्डो के घरों से कचरा उठाते है। प्लास्टिक, पुट्ठे, लोहा एवं बेचने योग्य कचरे को बाजार अथवा कबाड़ियों को बेचा जाता है। प्राप्त राशि से रिक्शे की मरम्मत जैसे खर्च में लगाए जाते है। शासन द्वारा स्वच्छता दीदीयो को प्रतिमाह वेतन निर्धारित किया गया है।

---

### जल संरक्षण में सबकी सहभागिता हो : देवेश

**बागबाहरा।** नगर के तालाबों में सफाई के अभाव के कारण काफी गंदगी, कचड़ा और अन्य अपशिष्ट जमा हो गए है। व्यापारी तालाब को पुनर्जीवित करने के लिए नगर पालिका उपाध्यक्ष देवेश साहू ने नगर पालिका प्रशासन को ध्यान आकर्षित कराकर जल संरक्षण सप्ताह मानने का निर्णय लेकर सफाई अभियान व्यापारी तालाब में चलाया जा रहा है।

---

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स पटना के लिए प्रांजलि का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

7वां खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन 4 से 15 मई 2025 तक बिहार में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की रग्बी फुटबॉल टीम में महासमुंद जिले की प्रांजलि भारती पिता कन्हैया तेंदूवाही का चयन हुआ है। प्रांजलि स्वामी आत्मानंद शासकीय हाईस्कूल तुमगांव में कक्षा 11वीं की छात्रा है। रग्बी खेल का अभ्यास प्रतिदिन तुमगांव खेल मैदान में प्रशिक्षक डॉ सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक भोरिंग के नेतृत्व में किया जाता हैं। जहां आसपास क्षेत्र के बच्चे खेल विभिन्न अभ्यास करने आते हैं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स बिहार के लिए चयनित होने पर अध्यक्ष नगर पंचायत तुमगांव बलरामकांत साहू, उपाध्यक्ष सावित्री उत्तम निर्मलकर, पार्षद रामशरण निर्मलकर, पार्षद गौतम सिन्हा, पार्षद चोवा राम तांडेकर, पार्षद शिव यादव, भुवनेश्वर साहू, पार्षद रोहित साहू, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, शत्रुहन निषाद, राहुल यादव, पिंटू सिंह, हर्ष शर्मा, जमील कुरैशी, रितेश अग्रवाल, कुबेर साहू, केके चंद्राकर, संगीता रात्रे, प्राचार्य लंकेश कुरील, प्राचार्य जियो वर्गिश, जितेंद्र साहू, बलराम नेताम, डॉ सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक, जगदीश धीवर, कामता साहू, डोलेश होता, एवन साहू, आयुष निर्मलकर, लिशांशु साहू, शुभांश शर्मा, अभिषेक, ओंकार निषाद, गीताजंलि, ममता आदि ने हर्ष जताया है।



---

## लू से बचाव में कारगर मड़िया पेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

इन दिनों तेज गर्मी और उमस से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गई है, सुबह 11 बजे के बाद नगर व क्षेत्र में तेज धुप के कारण सन्नाटा पसर जा रहा है। इस भीषण गर्मी से लोग काफी परेशान है और आधुनिकता के दौर में गर्मी से बचने जहां एक ओर लोग लस्सी एवं तरह -तरह के डंडा पेय पदार्थ का उपयोग शहरों में कर रहे है तो वहीं दूसरी ओर गरियाबंद जिले के वनांचल आदिवासी मैनपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में लोग परंपरागत पेय पदार्थ मड़िया पेज का सहारा ले रहे है। मड़िया पेज से उन्हे गर्मी से तो राहत मिलती है साथ ही यही उनके लिए शक्तिवर्धक के तरह भी काम करता है जिसके चलते ग्रामीण इलाको में ग्रामीण बेहद कड़ी मेहनत करने वाले लोगों की पहली पंसद गर्मी के दिनों में मड़िया पेज होता है और तो और अप्रैल, मई और जून के भीषण गर्मी के दिनों में इस क्षेत्र के वनांचल के ग्रामों में कही भी आप मेहमान के रूप मे चले जाईये आपका स्वागत ग्रामीण बकायदा मड़िया पेज से करते है। मड़िया पेज की सबसे बड़ी खासियत यह गर्मी से राहत पहुंचाता है। व्यक्ति एक गिलास मड़िया पेज पीकर घर से निकल जाए उन्हे लू नहीं लगती इसलिए गर्मी के दिनों में क्षेत्र में मड़िया पेज का काफी चलन है।

### गर्मी के दिनों में मुख्य आहार है मड़िया व रागी



क्षेत्र में मड़िया पेज का गर्मी के दिनों में चाहे कितना भी पैसा वाला व्यक्ति हो आर्थिक रूप से संपन्न हो लेकिन गर्मी से बचने के लिए मड़िया पेज का उपयोग वर्षों से कर रहे है और मड़िया पेज गरीब मजदूरों का तो गर्मी के दिनों में मुख्य आहार मड़िया व रागी को कहते है। वनांचल के ग्रामों में ग्रामीण तुमड़ी में और छोटे हंडी में लेकर मड़िया पेज को चलते है मड़िया रागी को पहले हॉलर मील में आटा बनाया जाता है फिर चांवल के साथ मिलाकर इसे पेज बनाया जाता है पेज बन जाने के बाद इसे ग्रामीण व क्षेत्र के लोग तुमड़ी व बर्तनों में लेकर अपने साथ सफर में भी ले जाते है साथ ही खेत खलियान जंगल में वनोपज संग्रहण के लिए ले जाते है और दोपहर 12 बजे इसे भोजन के रूप मे ग्रहण करते है जिससे भूख भी मिट जाता है साथ ही शरीर को ठंडकता प्रदान करता है। वनांचल के बाजारो में मड़िया पेज 10 रूपये गिलास में मिलता है और तो और बड़े शहरों से रिश्तेदार व परिवारजन जब गर्मी की छुट्टी में गांव पहुंचते है तो वे शौक से मड़िया पेज का सेवन करते है, अब तो मडिया का तरह तरह के व्यंजन बनाने का भी प्रचलन बढ गया है।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मोना सेन का मैनपुर में हुआ आत्मीयता स्वागत

**मैनपुर।** छत्तीसगढ राज्य के केश शिल्पी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एंव छत्तीसगढी फिल्म स्टार मोना सेन सोमवार रात 10 बजे के आसपास एक शादी विवाह कार्यक्रम में शामिल होने मैनपुर पहुंची। इस दौरान मैनपुर नगर में उनका आत्मीयता से स्वागत किया गया। मैनपुर क्षेत्र के महिलाओं व नागरिकों ने उनके मुलाकात कर चर्चा किया मैनपुर में मोना सेन आने की जानकारी लगते ही युवक -युवतियों की भारी भींड लग गई और उनके साथ सेल्फी लेने होड लगी रही। इस दौरान मोना सेन मैनपुर नगर में उत्तम सेन एवं सरोज सेन के पुत्री के विवाह समारोह में शामिल हुए और वर वधु को आशीर्वाद दिए।

### पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम भंवरपुर में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट होने का मामला सामने आया है। बसना थाने में दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अलग-अलग मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को मनदीप कौर पति कंवलजीत सिग सलूजा (36 वर्ष) निवासी ग्राम भंवरपुर ने बताया कि 4 मई को लगभग 9.30 बजे उसके चाचा सुखविंदर सिंग एवं अमरजीत कौर सलूजा ने मिलकर बाउंड्री वाल गेट के अंदर में आकर उसे और उसके पति कंवलजीत सलूजा को पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। वहीं दूसरे पक्ष की अमरजीत कौर पति सुखविंदर सिंह सलूजा (52 वर्ष) ग्राम भंवरपुर ने बताया कि 4 मई को लगभग 9 बजे के आसपास उसका भतीजा कंवलजीत सिंग सलूजा एवं भतीजा बहू मनदीप कौर सलूजा ने मिलकर मेरे घर मे लगे गली में आकर चिल्लाते हुए उसे और उसके पति सुखविंदर सिह को पुरानी रंजिश वश गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 296,115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### बागबाहरा वृत्त प्रभारी वर्मा निलंबित, 2 को एससीएन

**महासमुंद।** शराब के अवैध परिवहन, संग्रहण और कारोबार पर रोक लगाने में लापरवाही और उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों पर राज्य स्तरीय कार्रवाई के तारतम्य में जिले के 3 अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। 3 मई को जिले के बागबाहरा में 14 पेटी देशी शराब, 8 पेटी गोवा, 14 पेटी उड़ीसा राज्य की बीयर एवं 13 नग विदेशी मदिरा के जब्ती के मामले में वृत्त बागबाहरा के प्रभारी मुकेश कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया गया है। वहीं जिला आबकारी अधिकारी निधीश कोष्ठी एवं मंडल प्रभारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि राज्य स्तरीय उड़नदस्ता द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान महासमुंद, बलौदाबाजार और राजनांदगांव जिले में अवैध शराब का मामला पकड़ में आने पर 3 सर्किल अधिकारियों को निलंबित करने के साथ विभाग के 6 वरिष्ठ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे जवाब-तलब किया गया है। आबकारी सचिव मुकेश बंसल एवं आबकारी आयुक्त श्याम धावडे ने सभी जिला एवं मंडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री की किसी भी सूचना पर तत्काल और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी की लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। रोजगार सहायक की सेवा समाप्त की गई।

**विडंबना : मुख्य गेट गायब, देखरेख के अभाव में हाट बाजार स्थल कंडम स्थिति में**

# लाखों रुपए की लागत से बना बाजार वीरान कांजी हाउस और गौठान भी उपेक्षा के शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

जिले के राजिम अपनी धार्मिकता एवं प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है। यहां की पहचान धर्म नगरी कुंभ स्थल के रूप में है। इसके ठीक विपरीत उपलब्ध संसाधनों की उपयोगिता न होने से इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। एक तरह से यह प्रशासनिक उदासीनता का प्रमाण है। एक तरफ जनप्रतिनिधि अथक प्रयास कर नगर में संसाधन उपलब्ध करवाते है तो दूसरी ओर स्थान का चयन, निर्माण कार्य में लेट लतीफी या बनने के बाद प्रशासनिक रवैए के चलते संसाधनों का समुचित उपयोग नहीं हो पाता। बात यदि यहां के पुन्नी रिसॉर्ट की करे तो पर्यटन मंडल अब भी कुंभकर्णी नींद में है। पर्यटन सूचना केंद्र को अस्तित्व में लाने का प्रयास अब किया जा रहा है। ठीक इसी तरह नगर में बनाए गए बाजार स्थल भी अनुपयोगी है। आधुनिक अधिसंरचना एवं सर्वसुविधा युक्त हाट बाजार स्थल अब खंडहर होने के कगार पर है। 30000 वर्गफुट से अधिक के क्षेत्रफल में बने बाजार स्थल में पक्के निर्माण किया गया है। स्थल पर पार्किंग एवं पानी के लिए बोर की सुविधा है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से कैंपस के चारों ओर पक्की बाउंड्रीवॉल की गई है। कैंपस के अंदर वाहनों की आवाजाही एवं पर्याप्त खाली स्थान भी है। लेकिन वर्तमान में पूरे कैंपस में कंटीले झाड़ियां एवं पेड़ ऊग आए है। मुख्य गेट गायब है। देखरेख के अभाव में हाट बाजार स्थल कंडम स्थिति में है। अगर अब भी ध्यान नहीं दिया गया तो लाखों की लागत से बना हॉट बाजार स्थल खंडहर में तब्दील होते नजर आएगा। राजिम नगर में कांजी हाउस की स्थिति बदतर है। पशुधन की सुरक्षा एवं आवारा पशुओं को रखने के लिए कांजी हाउस एवं गौठान आज खुद बिना सुरक्षा एवं देखरेख के जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है।





**राजिम में उपलब्ध संसाधनों की उपयोगिता के लिए प्रयासरत**

अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि शहर में इसके उपयोग के लिए विधायक रोहित साहू से मार्गदर्शन प्राप्त कर यातायात व्यवस्था, शिक्षण संस्थान की उपलब्धता, पंचायत में कर्मचारियों की कमी को दूर करने का प्रयास जारी है। बरसात पूर्व जाम नालों की सफाई का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। राजिम के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। राजिम नगरवासियों का सहयोग एवं आशीर्वाद भरपूर मिल रहा है। बहुत जल्द ही और भी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा।

# जिले को अंग्रेजी माध्यम कॉलेज की जरुरत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति हो रही है। वर्तमान में जिले में 8 स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालित हो रहे हैं, जिनमें हजारों छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। इसके अतिरिक्त जिले में कई निजी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भी संचालित हैं। इन विद्यालयों से हर वर्ष बड़ी संख्या में विद्यार्थी 10वीं और 12वीं की परीक्षा अंग्रेजी माध्यम में उत्तीर्ण कर रहे हैं।

बावजूद इसके, जिले में अभी तक एक भी अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय की स्थापना नहीं हुई है। इससे विद्यार्थियों को स्नातक स्तर की उच्च शिक्षा जैसे B.A., B.Sc., B.Com. आदि के लिए रायपुर, महासमुंद या अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। इससे ग्रामीण और आदिवासी परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है, और कई मेधावी छात्र आगे की पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं। अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा पाने वाले विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय स्तर पर स्थानीय विकल्प का न होना जिले की एक बड़ी शैक्षणिक कमी है। प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार और करियर की दृष्टि से अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा अत्यंत आवश्यक होती जा रही है। यदि गरियाबंद में अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय की स्थापना होती है, तो इससे न केवल शैक्षणिक स्तर सुधरेगा, बल्कि रोजगार और सामाजिक जागरूकता को भी बल मिलेगा। छात्र, अभिभावक और शिक्षाविद सभी एक स्वर में यह मांग कर रहे हैं कि शासन को इस दिशा में गंभीरता से विचार कर जिले में शासकीय अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय की स्थापना करनी चाहिए। यह कदम गरियाबंद के शैक्षणिक भविष्य को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

# समर कैंप में बच्चों का निखर रहा हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

- विद्यार्थी ड्रॉइंग, पेंटिंग व वीडियो ग्राफी से हो रहे रुबरु

पीएम श्री हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य फाखरा खानम दानी के कुशल नेतृत्व में समर कैंप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक प्रभावशाली कदम बनकर उभरा है। विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। मसलन मीडिया, गणित, विज्ञान, फिजिक्स, योग, कुकिंग और अन्य शैक्षणिक व सहशैक्षणिक विषयों में विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा ज्ञानवर्धन कराया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक सोमा शर्मा द्वारा ड्रॉइंग, पेंटिंग और मीडिया से संबंधित अन्य गतिविधियां जैसे फोटोग्राफी करना वीडियो ग्राफी से बच्चों को रुबरु करा रही है। तोसराम ध्रुव एवं कु. प्रगति बरेठ ने गणित की मूलभूत जानकारी दी। विज्ञान विषय को रोचक बनाने के लिए ज्योति बाला एवं काजल चंद्राकर ने विज्ञान की अवधारणा सरलता से समझाई। साथ ही /"कबाड़ से जुगाड़/" जैसी रचनात्मक गतिविधि के माध्यम से सोचने-समझने की क्षमता को बढ़ावा दिया। फिजिक्स की जटिलताओं को सरलता से समझाने का कार्य प्रियंका शर्मा ने किया। रेणुका यादव ने कुकिंग क्लास में बच्चों को पाक-कला से परिचित कराया। शुरूआत योग से हुई जिसमें आरती तिवारी ने योगाभ्यास के लाभ बताए। विद्यालय के पीटीआई देवांगन एवं प्राचार्य दानी मैम स्वयं भी सम्मिलित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों के लिए भूमिका साहू द्वारा हमारे शरीर के अंग और कोशिकाएं विषय पर सरल और रोचक जानकारी दी गई। बताया गया है कि हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के सभी शिक्षकगण समर क्लास के दौरान निरंतर उपस्थित रहकर विद्यार्थियों को सक्रिय रूप से मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। विद्यालय में यह समर क्लास निरंतर जारी है और प्राचार्य के प्रेरणादायक नेतृत्व में यह प्रयास न केवल विद्यार्थियों की गर्मी की छुट्टियों को सार्थक बना रहा है, बल्कि उनके कौशल, ज्ञान और रचनात्मकता को भी निखार रहा है।



# जिला सहकारी बैंक खड़मा में हुआ स्थानांतरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा खड़मा में दिनेंद्र कुमार साहू और कनिष्ठ लिपिक हितेश कुमार ध्रुव को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। ज्ञात हो कि हितेश कुमार ध्रुव का स्थानांतरण शाखा छुरा हो गया है और दिनेंद्र कुमार साहू का स्थानांतरण शाखा गोहरापदर में हुआ है जिसमें शाखा खड़मा के सभी कर्मचारी ने विदाई समारोह का कार्यक्रम रखा गया जिसमें प्रमुख रूप से शाखा प्रबंधक पीएल साहू सहायक लेखापाल ओम प्रकाश यादव सहायक लेखापाल नरोत्तम ध्रुव, पर्यवेक्षक ओमकार यादव, गनमैन रवि बंछोर, माखन निषाद एवं सभी समिति के प्रभारी समिति प्रबंधक उपस्थित हुए। ब्रांच मैनेजर पीएल साहू ने कहा कि कर्मचारियों के लिए स्थानांतरण एक स्वाभाविक प्रक्रिया है और हमें जहां भी सेवा करने का मौका मिलता है वहां निर्भीक एवं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करना चाहिए वही सहायक लेखापाल ओम प्रकाश यादव ने भी दोनों कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही साथ समिति की ओर से रमेश ध्रुव ने भी अपना उद्बोधन दिया और सभी को ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए कार्य में लगे रहने की प्रेरणा दी कार्यक्रम का आभार देवानंद सिन्हा ने किया।



# ओलावृष्टि से रबी फसल खराब विधायक से मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

बीते दिनों क्षेत्र में हुई अचानक बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की रबी फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। फसल क्षति से परेशान किसानों ने देवरी गांव की सरपंच सरिता सुरेंद्र साहू के नेतृत्व में गरियाबंद विधायक से मुलाकात कर अपनी पीड़ा साझा की तथा फसल क्षतिपूर्ति की मांग की। किसानों ने बताया कि ग्रीष्मकाल के दौरान क्षेत्र के कई गांवों में धान की खेती की गई थी, लेकिन मौसम की मार ने फसलों को पूरी तरह नष्ट कर दिया। खासकर अचानक हुई अति वर्षा और ओलावृष्टि के चलते खेतों में खड़ी फसल चौपट हो गई, जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। देवरी सरपंच सरिता साहू ने बताया कि किसानों ने विधायक से मांग की है कि शासन स्तर पर सर्वे कराकर शीघ्र ही फसल क्षतिपूर्ति की राशि प्रदान की जाए, ताकि किसान अपनी अगली फसल की तैयारी कर सकें। प्रतिनिधिमंडल में रामू तारक, उपसरपंच सुरेंद्र साहू, लक्ष्मण साहू, ओमप्रकाश साहू, उमेदराम साहू, शिवकुमार साहू सहित अन्य किसान शामिल थे। किसानों की यह मांग है कि शासन प्राकृतिक आपदा को देखते हुए शीघ्र सहायता राशि स्वीकृत करे, जिससे उन्हें राहत मिल सके।



# पीएम आवास पास कराने किसी को रुपए ना दें : जनपद सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

रसेला सहित अंचल के निवासियों से आवास स्वीकृति कराने का झांसा देकर रूपए ठगने वाले लोगों से सतर्क रहने और रिश्वत नहीं देने की बात सुखराम ठाकुर सभापति जनपद सदस्य छुरा ने कहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी हितग्राहियों को आवास पास (स्वीकृति) कराने के नाम से पैसा लेता है तो उसके नाम से तुरंत अपने से संबंधित जनपद पंचायत को या जिला पंचायत गरियाबंद को सूचित करें। अतः सभी लोगों से अपील है कि जिन परिवार का नाम आवास की सूची में है और वह पात्र हैं, उनको आवास मिलेगा ही किसी को भी एक रूपए देने की जरूरत नहीं है। मलेवा अंचल के भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने कहा कि साथ ही साथ कोई भी व्यक्ति काल कर के सूची में नाम जुड़वाने कहकर रूपए की मांग करते हैं तो उन्हें भी पैसा नही देना है। आवास हितग्राहियों से अपील करता हूं कि आवास स्वीकृति,किश्त की राशि देने या जारी करने, किसी को भी रूपए नहीं देना है। सभी से आग्रह है ऐसे किसी भी ठगी करने वाले कोई व्यक्ति वह चाहे कर्मचारी हो या अधिकारी या जनप्रतिनिधि या बाहरी व्यक्ति हो, उसे रूपए नहीं देना है।



# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत सेक्टर रानी परतेवा में बालमुकुंद मिश्रा के अध्यक्षता में भारत माता की जय के साथ ग्रामीण कर्मचारी भवन में 4:00 बजे के साथ मीटिंग प्रारंभ किया गया जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के जातिगत जनगणना की मांग सरकार द्वारा स्वीकार करने पर राहुल गांधी को बधाई दी गई। श्री मिश्रा जी द्वारा उद्बोधन में कांग्रेस के संगठन व पार्टी के विरुद्ध कार्य किए हैं, उन्हें चिन्नहाकीत करना उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया जाएगा। प्रत्येक केंद्र में बुथ, सेक्टर, जोन, ब्लॉक के प्रत्येक पदाधिकारी को संगठन के लिए एक साथ होकर कार्य करना होगा। सरपंच संघ के अध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव को कहा की जनपद में कांग्रेस के सभी साथ मिलकर कार्यों को गति देंगे। पन्नालाल ध्रुव ने सभी साथियों को साथ चलने संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया और सेक्टर में मीटिंग के लिए मिश्रा को धन्यवाद दिया। बुथ के अध्यक्ष श्याम लाल ध्रुव द्वारतरा, घेवरचन्द निषाद करचाली, रूप सिंन्हा, चौवा निषाद रानी परतेवा, हेम कुमार पटेल करकरा, लोकेश ठाकुर कोरासी, सेक्टर अध्यक्ष धनसाय निषाद रानीपरतेवा, रमन सिंन्हा, बुधराम पांडे, पुष्पा ध्रुव ने कहा की संगठन के प्रति आस्था रखते हुए पार्टी को मजबूत करने के लिए खुशी जाहिर की।

**128 ऑनलाइन आवेदन मिले जिनमें 112 पात्र पाए गए**

# आत्मानंद स्कूल में लॉटरी से 50 विद्यार्थियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद में कक्षा पहली में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया का आयोजन मंगलवार को गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। विद्यालय में रिक्त 50 सीटों के लिए कुल 128 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 112 पात्र पाए गए। शासन के नियमानुसार बीपीएल व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से 25% (13), बालिका आरक्षित वर्ग से 50% (25) और सामान्य वर्ग से 25% (12) बच्चों का चयन पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और भारत माता की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात प्राचार्य श्री दीपक कुमार व शिक्षकगणों ने अतिथियों, जनप्रतिनिधियों व अभिभावकों का स्वागत किया। लॉटरी प्रक्रिया की शुरुआत भाजपा के गरियाबंद जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर द्वारा की गई, जिन्होंने प्रथम पर्ची निकाली। इसके बाद अन्य अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों और पालकों ने बारी-बारी से पर्चियाँ निकाल कर चयन प्रक्रिया में भागीदारी निभाई। पूरी प्रक्रिया शाला में पारदर्शिता और नियमों के पालन के साथ सम्पन्न की गई।

**विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध : चंद्रकार**

अनिल चंद्राकर भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा की स्वामी आत्मानंद विद्यालय जैसे संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रहे हैं। लॉटरी प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता और शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार संपन्न हुई। यह इस बात का प्रमाण है कि सरकार गरीब, जरूरतमंद और प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं विद्यालय परिवार और समस्त शिक्षकों को इसके सफल आयोजन के लिए बधाई देता हूं। इस दौरान सुमित पारख मंडल अध्यक्ष, नपा उपाध्यक्ष आसिफ मेमन,सुरेंद्र सोनटेके पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष, पारस देवांगन सांसद प्रतिनिधि, धनराज विश्वकर्मा सदस्य विधायक प्रतिनिधि, सभापति सूरज सिन्हा, वार्ड पार्षद निरंजन प्रधान, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, कृपाल पैकरा सहायक संचालक सेजेस, केसर निर्मलकर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष, लता बेला मोगरे विषय विशेषज्ञ कला एवं संस्कृति, साथ ही मीडिया के साथी जीवन एस साहू , ,मो फरहाज मेमन की गरिमामयी उपस्थिति में पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य दीपक कुमार, डॉ. राकेश कुमार साहू, भेलेश्वरी कोमर्रा, डागेश्वरी साहू, कोमल शर्मा, कल्पना पटेल, सुनीता परमार, किरण नंद देवमाया पाल, सिम्मी विल्सन, कैलाश कोसरे धर्मेंद्र कुमार, रोशनी साहू, अंजनी सोम, दुर्गेश नंदिनी पुष्पा साहू, त्रिलोचना साहू, योगेश्वरी रात्रें, केवरा ध्रुव, योगिता सेन, लोकेश साहू एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।



online Booking:-www.tripuryatra.com



23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त,11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411